भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2209

गुरुवार, 4 जुलाई, 2019/13 आषाढ़, 1941 (शक)

राजमार्गों के रख-रखाव हेतु धनराशि

2209. श्री निहाल चन्दः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार राजमार्गों के रख-रखाव, मरम्मत और देखभाल के लिए पर्याप्त धनराशि प्रदान कर रही है और इस संबंध में राज्य सरकारों की क्या भूमिका है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान इस प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ग) क्या गत कई वर्षों की तुलना में उक्त धनराशि में वृद्धि की गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ): यह मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों (रारा) के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है। तदनुसार, राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्य यातायात घनत्व, अंतर-प्राथमिकता और राष्ट्रीय राजमार्गों को यातायात योग्य परिस्थितियों में रखने के लिए धन की उपलब्धता के अनुसार समय-समय पर किए जाते हैं।

राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और अनुरक्षण कार्य राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल), सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) आदि जैसी विभिन्न निष्पादन एजेंसियों के माध्यम से किए जाते हैं।

राष्ट्रीय राजमार्गों पर किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के रखरखाव और मरम्मत (एम ऐंड आर) कार्यों में साधारण मरम्मत (ओआर), आवधिक नवीकरण (पीआर), विशेष मरम्मत (एसआर) और बाढ़ नुकसान मरम्मत (एफडीआर) शामिल हैं।

राष्ट्रीय राजमार्गों के खंडों के रखरखाव और मरम्मत (एम ऐंड आर), जहां या तो विकास कार्यों की शुरुआत हुई है या संचालन, रखरखाव और हस्तांतरण (ओएमटी) रियायतें/संचालन और रखरखाव (ओएंडएम) के संविदाएं सौंपी गई हैं, दोषपूर्ण देयता अवधि (डीएलपी)/रियायत अवधि तक संबंधित रियायतग्राहियों/ठेकेदारों की जिम्मेदारी होती हैं।

राष्ट्रीय राजमार्गों के शेष खंडों के एम ऐंड आर कार्य बजटीय परिव्यय की उपलब्धता, अंतर-प्राथमिकता और ऐसे राष्ट्रीय राजमार्गों को यातायात योग्य स्थिति में बनाए रखने के लिए यातायात घनत्व के अनुसार वार्षिक आधार पर किए जाते हैं।

पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के एम ऐंड आर कार्यों के लिए आबंटित निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:-

वर्ष	राष्ट्रीय राजमार्गों के एम ऐंड आर कार्यों के लिए निधियों का आबंटन (करोड़ रु. में)
2016-17	2,846.53
2017-18	2,966.75
2018-19	2,531.18

*****